दिनांक : 04.08.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज गुना और शिवपुरी जिलों ˙ भारी बारिश में नुकसान का जायजा लेने के लिए जायेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री गुना जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे और अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों से मुलाकात करने के साथ ही राहत कार्यों का जायजा लेंगे। वहीं केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री मोहन यादव शिवपुरी जिले के विभिन्न ग्रामों का दौरा करेंगे और यहां पर अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे और राहत कार्यों का जायजा लेंगे।

## मांडविया- लोकसभा

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज कहा कि रोजगार मेले के तहत पिछले 16 महीनों में 11 लाख से ज़्यादा युवाओं को रोज़गार मिला है। लोकसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में 17 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को रोज़गार मिला है। श्री मांडविया ने कहा कि अगले पाँच वर्षों में 4 करोड़ से ज़्यादा रोज़गार सृजित करने के लिए प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोज़गार योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 अगस्त को राजगढ़ के नरसिंहगढ़ से लाड़ली बहना योजना अंतर्गत लाड़ली बहनों के खातों में 27वीं किस्त अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान बहनों के खातों में 1 हजार 250 रुपये की किश्त के साथ ही 250 रुपये रक्षाबंधन के शगुन के रुप में अंतरित किये जायेंगे।

## आजीविका मिशन

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व–सहायता समूहों का तीन दिवसीय राखी मेले का उद्घाटन कल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल करेंगे। भोपाल हाट में आयोजित इस मेले के शुभारंभ के साथ ही मिशन के तहत स्व–सहायता समूहों की

दीदियों की खुशहाली और सशक्तिकरण के अभियान ''ये वक्त हमारा है'' की शुरुआत भी होगी। मेले में विभिन्न जिलों से आ रही स्व–सहायता समूहों की दीदियों द्वारा 40 स्टॉल लगाये जायेंगे। राखी के त्यौहार को ध्यान में रखते हुये विशेष रूप से राखी, मिठाईयां वस्त्र एवं सजावटी सामान सहित विभिन्न प्रकार की समूहों द्वारा निर्मित वस्तुएं उपलब्ध रहेंगी।

## सावन सोमवार

प्रदेशभर में सावन के आखिरी सोमवार के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रृद्धालु पहुंच रहे है। उज्जैन में शाम को बाबा महाकाल की राजसी सवारी निकाली जाएगी। भगवान महाकाल नंदी रथ पर उमा–महेश स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे। मंदसौर में आज भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। वही आगरमालवा के प्रसिद्ध, प्राचीन और ऐतिहासिक शिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर पर भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में भी भगवान ओंकारेश्वर की सवारी निकाली जाएगी। सीहोर, दमोह सहित अन्य जिलों में भी शिवालयों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

## मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश के ग्वालियर–चंबल अंचल में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर, दतिया और मुरैना जिलों में साढ़े आठ इंच बारिश होने की संभावना जताई है। इनके अलावा श्योपुर, निवाड़ी, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर और छतरपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां मध्यम से भारी बारिश के साथ गरज–चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। शेष बचे जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश के साथ आकाशीय बिजली की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- सीहोर जिले के डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 12 अगस्त को युवा संगम रोजगार–स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा।
- मंडला जिले में कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सम्पतिया उइके ने कल शासकीय रानी फूलकुंवर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में जिले के 300 मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया।
  और
- शिवपुरी जिले में आज से 15 अगस्त तक अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया गया है जिसमे, 10 हजार 114 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

---------------